ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 250

अहमदाबाद में मकर संक्रांति पर छतें उगल रही सोना, 1.5 लाख तक पहुंचा टेरेस किराया



24 न्यूज अपडेट

अहमदाबाद। मकर संक्रांति आते ही अहमदाबाद में पतंगबाजी सिर्फ शौक नहीं, बल्कि पूरा टूरिज्म मॉडल बन चुकी है। शहर के पोल, खाडिया और रायपुर इलाकों में इस बार पतंग उड़ाने के लिए छतों का किराया 20 हजार से लेकर डेढ़ लाख रुपए तक पहुंच गया है। 14 और 15 जनवरी को होने वाली पतंगबाजी के लिए ऊंची छतों की पहले ही बुकिंग हो चुकी है। नियम साफ है— जितनी ऊंची छत, उतना ज्यादा किराया। गुजरात में मकर संक्रांति का मतलब ही पतंगों से है। यही वजह है कि पिछले कुछ वर्षों में अहमदाबाद में 'टेरेस टूरिज्म' तेजी से उभरा है। खास तौर पर ओल्ड सिटी के पोल इलाके, जहां पुरानी हवेलियां और आपस में जुड़ी छतें पतंगबाजी का अलग ही माहौल बनाती हैं। बड़ी संख्या में एनआरआई और विदेशी पर्यटक इन इलाकों में होटल छोड़कर स्थानीय लोगों की छतों पर रहना पसंद कर रहे हैं, ताकि त्योहार को नजदीक से महसूस कर सकें। पोल इलाके के निवासी अजय मोदी बताते हैं कि इस साल उनकी छत पंजाब से आई एक फैमिली ने किराए पर ली है, जबकि आसपास की कई छतें एनआरआई पहले ही बुक करा चुके हैं। किराए में सिर्फ छत ही नहीं, बल्कि पतंगें, डोर, उंधियू-पूरी, जलेबी, भजिया, तिल की चिक्की, मिनरल वाटर, बैठने के लिए सोफे-कुर्सियां और बुजुर्गों-बच्चों के लिए कमरे भी शामिल होते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस ट्रेंड से सिर्फ मकान मालिक ही नहीं, बल्कि छोटे व्यापारी, नाश्ते के ठेले, पतंग और डोर बेचने वाले तथा घरेलू स्नैक्स बनाने वाली महिलाएं भी दो दिनों में 2 से 5 हजार रुपए तक कमा लेती हैं। पोल इलाके के जिग्नेशभाई रामी के अनुसार, छत किराए पर देने का चलन पिछले 4–5 वर्षों में आम हो गया है। सामान्य दिनों में एक छत का किराया 20–25 हजार रुपए रहता है, लेकिन मकर संक्रांति के समय यह लाखों में पहुंच जाता है। इस दौरान सुबह से रात तक खाने-पीने की पूरी व्यवस्था भी दी जाती है। वहीं, गीताबेन राणा बताती हैं कि मकर संक्रांति उनके लिए आर्थिक सहारा भी बन गई है। दिव्यांग दंपती होने के कारण वे केवल छत किराए पर देते हैं और प्रति दिन 2 हजार रुपए लेते हैं, जिससे हर साल उन्हें 20–30 हजार रुपए की मदद मिल जाती है। शाम ढलते ही अहमदाबाद की छतों पर रोशनी, आतिशबाजी और रंग-बिरंगी पतंगों का नजारा किसी त्योहार से कम नहीं लगता। यही वजह है कि पतंगों का यह पर्व अब संस्कृति के साथ-साथ रोजगार और पर्यटन का भी बड़ा जरिया बन चुका है।

रूसी तेल खरीदने में भारत तीसरे नंबर पर खिसका:दिसंबर में रिलायंस और सरकारी कंपनियों ने 29% कम खरीदा; तुर्किये बना दूसरा बड़ा ग्राहक



24 न्यूज अपडेट

रूसी फॉसिल फ्यूल खरीदने के मामले में भारत अब दूसरे से तीसरे स्थान पर आ गया है। दिसंबर 2025 में रिलायंस इंडस्ट्रीज और सरकारी रिफाइनरियों के रूसी कच्चे तेल के आयात में कटौती के बाद यह बदलाव आया है। कोयला, कच्चा तेल जैसे प्राकृतिक ईंधन, जो करोड़ों साल पहले जमीन के नीचे दबे पौधों और जानवरों के अवशेषों से बने हैं, उन्हें फॉसिल फ्यूल कहा जाता है।

यूरोपीय थिंक टैंक 'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' (CREA) की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने दिसंबर में रूस से 2.3 बिलियन यूरो (लगभग 23,000 करोड़) का हाइड्रोकार्बन आयात किया, जो नवंबर के 3.3 बिलियन यूरो (लगभग 34,700 करोड़) के मुकाबले काफी कम है।

अब तुर्किये 2.6 बिलियन यूरो (लगभग 27,300 करोड़) भारत को पीछे छोड़कर रूस का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बन गया है। चीन अभी भी 6 बिलियन यूरो (करीब 63,100 करोड़) की खरीदारी के साथ पहले नंबर पर बना हुआ है।

10 मिनट में डिलीवरी की रफ्तार पर ब्रेक: सरकार के दखल के बाद स्विगी-जोमेटो ने हटाई समय सीमा



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। क्विक कॉमर्स सेक्टर में बीते कुछ वर्षों से ग्राहकों को लुभाने का सबसे बड़ा हथियार रहा "10 मिनट में डिलीवरी" अब इतिहास बनने की ओर है। डिलीवरी पार्टनर्स की लगातार बढ़ती शिकायतों, हड़ताल और सड़क सुरक्षा से जुड़े गंभीर सवालों के बीच सरकार के हस्तक्षेप के बाद ब्लिंकिट, स्विगी इंस्टामार्ट, जोमैटो और जेप्टो जैसी कंपनियों ने अपने विज्ञापनों से समय-सीमा का यह दावा हटाने पर सहमति जता दी है।

यह बदलाव केवल मार्केटिंग तक सीमित नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे क्विक कॉमर्स मॉडल में एक बड़े नीतिगत मोड़ के रूप में देखा जा रहा है।

सरकार का स्पष्ट संदेश: कारोबार जान जोखिम में डालकर नहीं

हाल ही में केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में हुई अहम बैठक में सरकार ने कंपनियों को साफ संदेश दिया कि कारोबार का विस्तार गिग वर्कर्स की जान जोखिम में डालकर स्वीकार्य नहीं है। बैठक में यह माना गया कि 10–15 मिनट की डिलीवरी समय-सीमा राइडर्स को तेज रफ्तार, ट्रैफिक नियमों की अनदेखी और जोखिम भरे हालात में काम करने के लिए मजबूर करती है, जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा भी प्रभावित होती है। सरकार ने संकेत दिए हैं कि अब गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा, बीमा, पेंशन और सुरक्षित कार्य परिस्थितियों को लेकर एक व्यापक नीति को सख्ती से लागू किया जाएगा।

ब्रांडिंग बदलेगी, दबाव घटेगा

कंपनियों ने सरकार को भरोसा दिलाया है कि वे आगे चलकर ग्राहकों से "मिनटों में डिलीवरी" जैसा कोई वादा नहीं करेंगी। हालांकि, उनका दावा है कि आंतरिक स्तर पर ऑपरेशनल एफिशिएंसी बनी रहेगी। उद्देश्य यह है कि राइडर्स पर समय का सीधा दबाव न बने और डिलीवरी को सुरक्षित तरीके से पूरा किया जा सके। अब तक जिस "स्पीड" को ब्रांड पहचान बनाया गया था, उसकी जगह "वैरायटी", "क्वालिटी" और "भरोसे" जैसे शब्द लेने लगे हैं। कुछ कंपनियां अब 10 मिनट के बजाय अपने प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हजारों उत्पादों और बेहतर कस्टमर एक्सपीरियंस को प्रचारित कर रही हैं।

सोशल मीडिया से संसद तक उठा मुद्दा

पिछले कुछ महीनों में सोशल मीडिया, सड़क सुरक्षा संगठनों और श्रमिक मंचों पर क्विक डिलीवरी मॉडल की तीखी आलोचना हो रही थी। संसद में भी गिग वर्कर्स की "पीड़ा और बदहाली" को लेकर सवाल उठे। खराब मौसम, लंबी शिफ्ट और समय-सीमा के दबाव में काम करने से जुड़े जोखिमों को लेकर सरकार पर हस्तक्षेप का दबाव बढ़ता गया।

राइडर्स की कमाई पर नई चुनौती

हालांकि, इस फैसले का दूसरा पहलू भी है। डिलीवरी पार्टनर्स की आय अब तक प्रति ऑर्डर आधारित रही है। समय-सीमा हटने के बाद एक घंटे में पूरे होने वाले ऑर्डर्स की संख्या घट सकती है, जिससे दैनिक कमाई पर असर पड़ने की आशंका है। सरकार और कंपनियों के सामने अब चुनौती यह है कि सुरक्षा बढ़ाने के साथ-साथ आय में स्थिरता कैसे सुनिश्चित की जाए।

सेंसेक्स 250 अंक गिरकर 83,628 पर बंद:निफ्टी में भी 58 अंक की गिरावट रही, फार्मा और ऑटो शेयर्स में बिकवाली



24 न्यूज अपडेट

शेयर बाजार में आज यानी 13 जनवरी को गिरावट रही। सेंसेक्स 250 अंक गिरकर 83,628 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 58 अंक की गिरावट रही। ये 25,732 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में गिरावट और 10 में तेजी रही। फार्मा, रियल्टी, ऑटो और FMCG शेयर में बिकवाली देखने को मिली। वहीं मेटल, IT और बैंकिंग शेयर्स में बढ़त रही।

राज्य के उत्तरी भागों में आगामी दो दिनों में कहीं-कहीं शीतलहर व मध्यम दर्जे का कोहरा होने की चेतावनी





बच्चों की दवा में मिला कूलेंट केमिकल, अल्मॉन्ट-किड सिरप पर पूरे प्रदेश में रोक



24 न्यूज अपडेट

भोपाल। बच्चों की एलर्जी में इस्तेमाल होने वाले अल्मॉन्ट-किड सिरप में खतरनाक इथाइलीन ग्लाइकॉल पाए जाने के बाद मध्यप्रदेश सरकार ने इसकी स्टॉक और बिक्री पर तत्काल रोक लगा दी है। यह वही औद्योगिक केमिकल है, जो गाड़ियों के कूलेंट में इस्तेमाल होता है और इससे पहले छिंदवाड़ा कफ सिरप कांड में 25 से ज्यादा बच्चों की मौत का कारण बन चुका है। तेलंगाना सरकार की लैब रिपोर्ट के आधार पर जारी एडवाइजरी शनिवार को सभी राज्यों को मिली, जिसके बाद मध्यप्रदेश ड्रग कंट्रोलर ने हर जिले में दवा जब्त करने के निर्देश दिए हैं। संबंधित बैच AL-24002 (निर्माता: बिहार की ट्रिडस रेमेडीज) को मिलावटी और जानलेवा बताया गया है। जबलपुर सहित कई जिलों में मेडिकल दुकानों को अलर्ट किया गया है, हालांकि फिलहाल कहीं स्टॉक मिलने की पुष्टि नहीं हुई है।विशेषज्ञों के अनुसार इथाइलीन ग्लाइकॉल शरीर में पहुंचने पर किडनी और तंत्रिका तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचाता है और बच्चों में यह बेहद घातक साबित हो सकता है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि यदि किसी बच्चे को हाल ही में अल्मॉन्ट-किड सिरप दिया गया हो और उल्टी, सुस्ती या पेशाब में कमी जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में संपर्क करें और दवा की जानकारी डॉक्टर को दें।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -
desk24newsupdate@gmail.com

चांदी दो दिन में 20,000 बढ़कर 2.63 लाख/KG हुई:सोना 1.40 लाख प्रति 10 ग्राम बिक रहा; दोनों लगातार दूसरे दिन ऑलटाइम हाई पर



24 न्यूज अपडेट

सोने-चांदी के दाम आज (13 जनवरी) को लगातार दूसरे दिन ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत 6,256 रुपए बढ़कर 2,63,032 रुपए हो गई है। कल इसने 2,57,283 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। दो दिन में चांदी करीब 20 हजार रुपए महंगी हो चुकी है।

वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 33 रुपए बढ़कर 1,40,482 रुपए के ऑल टाइम हाई पर ओपन हुआ। हालांकि इसके बाद इसके दाम में गिरावट आई और ये 165 रुपए गिरकर 1,40,284 पर बंद हुआ। कल ये 1,40,449 रुपए प्रति 10 ग्राम था।

संपादकीय : विरोध की चिंगारी

ईरान की सड़कों पर फिर से सत्ता विरोधी हुंकार सुनाई देने लगी है। जगह-जगह विरोध प्रदर्शन और हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। हालात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले दो सप्ताह के दौरान हिंसक झड़पों में अब तक पांच सौ से अधिक लोगों की मौत हो जाने और दस हजार से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेने का दावा किया जा रहा है। इसी बीच ईरान का अमेरिका और इजराइल के साथ तनाव भी बढ़ता जा रहा है। अमेरिका ने तो यह चेतावनी भी दे डाली है कि अगर प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग किया गया, तो वह ईरान पर हमले की कार्रवाई करेगा। सवाल है कि आखिर ईरान में लोगों का शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ सड़कों पर उतरने का कारण क्या है ? विरोध प्रदर्शन का झंडा बुलंद करने वालों को कहना है कि लोग देश की आर्थिक बदहाली और बढ़ती महंगाई से त्रस्त हैं। वहीं, ईरान सरकार का आरोप है कि यह सब अमेरिका के इशारे पर हो रहा है, ताकि उनके देश को अस्थिर किया जा सके। ईरान में विरोध प्रदर्शनों पर एक सवाल यह भी उठ रहा है कि वहां की सरकार की ओर से आंतरिक मामलों को सुलझाने और जनता का भरोसा जीतने का समय रहते प्रयास क्यों नहीं किया गया ? इस मुल्क में ऐसे ही विरोध प्रदर्शन वर्ष 2022 में भी देखे गए थे, जब महसा अमीनी नामक एक महिला की पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी। महसा पर आरोप था कि उसने हिजाब के जिससे कानून को नहीं माना, जिस कारण उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। इस घटना के बाद देश भर में महिलाएं सड़कों पर उतर आई थीं। इस बार भले ही मुद्दा अलग है, लेकिन विरोध प्रदर्शनों में पहले की तरह महिलाएं बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। तनाव बढ़ने के बाद कई शहरों में इंटरनेट पर पाबंदी लगा दी गई है, सड़कों पर सुरक्षाबल मोर्चा संभाले हुए हैं और इस दौरान हिंसक झड़पें भी हो रही हैं। इसी बीच सोमवार को सरकार समर्थक भी सड़कों पर उतर आए, हालात और बिगडने की आशंका है। ऐसे में ईरान सरकार को चाहिए कि अंदरूनी मसलों को सुलझाने के लिए सुरक्षा बलों की ताकत का सहारा लेने के बजाय शांतिपूर्ण तरीके से समाधान के रास्ते तलाशे जाएं। दूसरी ओर ईरान में विरोध प्रदर्शनों को वहां के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला अली ख़ामेनेई को सत्ता से हटाने की कोशिशों से जोड़ कर भी देखा जा रहा है। इसके पीछे अमेरिका और इजराइल का हाथ होने की आंशका इसलिए जोर पकड़ रही है, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में जारी एक बयान में कहा है कि ईरान की जनता आजादी चाहती है, जो उसने पहले कभी महसूस नहीं की। साथ ही प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग करने पर कार्रवाई की धमकी भी दी है। इस पर ईरान ने भी चेतावनी दी है कि अगर हमला हुआ, तो अमेरिका के ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा। हालांकि दोनों देशों में बढ़ते तनाव के बीच फिलहाल राहत की बात यह कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने दावा किया कि ईरान वर्तमान हालात को लेकर बातचीत के लिए तैयार हो गया है । अब देखना होगा कि क्या ईरान कोई ऐसा रास्ता निकाल पाता है, जिससे विरोध प्रदर्शन खत्म हो जाएं और मौजूदा संकट भी टल जाए ?

नफरत की हिंसा

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे लक्षित हमलों के बीच अब पाकिस्तान में एक हिंदू किसान की गोली मार कर हत्या कर देने की घटना ने दुनिया भर में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इससे पहले कनाडा और आस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी भारतीय मूल के लोगों विशेषकर हिंदुओं के साथ भेदभाव और नस्ली हमलों की खबरें आती रही हैं। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में जिस हिंदू व्यक्ति की हत्या की गई, वह आर्थिक रूप से कमजोर था। इस घटना से वहां हिंदू समुदाय के लोगों में आक्रोश है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में हिंदू समुदाय के लोगों को जबरन धर्मांतरण और भूमि संबंधी विवादों का अक्सर सामना करना पड़ता है उन्हें अपनी सुरक्षा और नागरिक अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ता है, जिसकी कीमत कई बार जान देकर चुकानी पड़ती है। पड़ोसी देशों में जिस तरह से अल्पसंख्यकों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है, वह न केवल सांप्रदायिक उन्माद फैलाने का प्रयास है, बल्कि नागरिकों के जीने के अधिकार का भी उल्लंघन है। मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अल्पसंख्यक नागरिकों खासकर हिंदुओं की सुरक्षा और उनके मौलिक अधिकारों के लिए आवाज उठाना अब जरूरी हो गया है। इस तरह की घटनाओं की निंदा करने और सिर्फ चिंता जताने भर से बात नहीं बनेगी। भारत को संबंधित देशों में अपने प्रतिनिधिमंडल भेजने से लेकर द्विपक्षीय वार्ताओं में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाना होगा। यह सच है कि भारत शांतिप्रिय देश है और वह सदियों से दुनिया को समरसता और मैत्री का संदेश देता आया है। मगर अब वक्त यह याद दिलाने का है कि दुनिया के किसी भी कोने में अल्पसंख्यकों के साथ हिंसा और मानवता को शर्मसार करने वाली घटनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। तमाम देशों की यह जिम्मेदारी है कि यहां के अल्पसंख्यक नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। धर्म और नस्ल के आधार पर नफरत फैलाने और हिंसा को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि मानवाधिकारों की रक्षा की जा सके।

संभाग स्तरीय पतंग उत्सव कल, चार प्रमुख पर्यटन स्थलों पर शाम 4 से 5:30 बजे तक होगा आयोजन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 13 जनवरी। विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में जिले में विभिन्न विभागों की योजनाओं, गतिविधियों एवं प्रशासनिक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला कलक्टर श्री मेहता ने संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक प्रकरण का समाधान संतोषजनक ढंग से किया जाना चाहिए। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में लगने वाले समय, शिकायतकर्ता की संतुष्टि आदि पैरामीटर्स के आधार पर राज्य और जिला औसत से तुलना करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में श्री मेहता ने फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों ने फ्लैगशिप योजनाओं और बजट घोषणाओं की प्रगति जानी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने दिनों में मुख्यमंत्री स्तर से प्रस्तावित समीक्षा बैठक को लेकर भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को अपेक्षित योजनाओं में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में गिर्वा एसडीएम अवुला सांईकृष्ण, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी वीरमाराम सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पतंग उत्सव मनाने के निर्देश बैठक में जिला कलक्टर ने अवगत कराया कि राज्य सरकार की ओर से 14 जनवरी को पतंग उत्सव मनाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसके लिए एडीएम सिटी व उपनिदेशक पर्यटन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने हितधारकों के साथ पतंग उत्सव आयोजित करने तथा उससे संबंधित सूचना एवं फोटेग्राफ्स नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराने के लिए पाबंद किया।

शहीद हेमू कालाणी के बलिदान दिवस से जन्म जयंती तक उदयपुर में होंगे प्रेरणादायी कार्यक्रम



24न्यूज अपडेट

उदयपुर। सिंध सपूत एवं अमर बलिदानी शहीद हेमू कालाणी के बलिदान दिवस (21 जनवरी) से लेकर उनकी जन्म जयंती (23 मार्च) तक उदयपुर में श्रद्धांजलि स्वरूप विभिन्न प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों का उद्देश्य युवाओं को शहीद हेमू कालाणी के राष्ट्रप्रेम, अदम्य साहस और बलिदान से प्रेरित करना है। इन कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के लिए भारतीय सिन्धु सभा, उदयपुर की एक तैयारी बैठक हेपी होम स्कूल, प्रतापनगर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सभा के मार्गदर्शक प्रताप राय चुग ने की। बैठक का शुभारंभ भगवान श्री झूलेलाल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। प्रताप राय चुग ने कार्यक्रमों को प्रभावी एवं सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सिन्धु सभा के अध्यक्ष गुरमुख कस्तूरी एवं संभाग प्रभारी प्रकाश फुलानी ने बताया कि शहीद हेमू कालाणी के जीवन पर आधारित कार्यक्रम पूज्य सिंधी पंचायतों, युवा संगठनों, शिक्षण संस्थानों, मातृशक्ति एवं सर्व समाज के सहयोग से आयोजित किए जाएंगे। इस अवधि में रक्तदान शिविर एवं मेडिकल कैंप भी लगाए जाएंगे। सभा के संरक्षक सुरेश कटारिया एवं महामंत्री विजय आहूजा ने बताया कि 20 जनवरी की पूर्व संध्या पर सायं 7 बजे उदयपुर के विभिन्न स्थानों—शास्त्री सर्कल, सनातन मंदिर, शक्ति नगर, अशोका बेकरी के बाहर, प्रतापनगर, झूलेलाल भवन सेक्टर-4, झूलेलाल भवन गोविंद नगर, एम.पी. कॉलोनी, जवाहर नगर, सुखधाम आश्रम, सिन्धु भवन भूपालपुरा एवं कोठी बाग—में शहीद हेमू कालाणी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके साथ ही 5 से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए शहीद हेमू कालाणी के चित्र पर रंग भरो प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। मुख्य आयोजन 21 जनवरी को प्रातः 10 बजे हेमू कालाणी स्मारक, जवाहर पार्क, प्रतापनगर में आयोजित होगा। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया जाएगा। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा राष्ट्रभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी तथा वक्ता मात्र 19 वर्ष की अल्पायु में राष्ट्र के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले शहीद हेमू कालाणी के अद्वितीय साहस एवं देशभक्ति पर प्रकाश डालेंगे। सभा के उपाध्यक्ष सुनील कालरा (शिकारपुरी) एवं प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मनोहर कालरा ने बताया कि 21 जनवरी को सायं 6 बजे फतेहसागर पाल पर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा के समक्ष आमजन द्वारा दीप एवं मोमबत्तियां प्रज्ज्वलित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी जाएगी। बैठक में वासूराम दरबार के संत साधूराम, सिन्धु सभा महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष शोभा बसंतानी, माता गंगा देवी, उमेश मनवानी, विक्की राजपाल, खानचंद मगवानी, रामचंद चोटरानी, रमा खियाणी, उर्मिल नंदवानी, श्रीचंद खथुरिया, दीपक रंगवानी, हरीश चावला, लज्जा रामेजा, राजेश खत्री, भगवानी शिवानी, रंजना ग्वालानी (जयपुर), सुरेश खुराना, भगवान सचदेव, कमल तलरेजा, कमलेश चैनानी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। बैठक का संचालन सुरेश कटारिया ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनोहर कालरा द्वारा प्रस्तुत किया गया।

अवैध मदिरा पर कार्रवाई - वॉष नष्ट, हथकड़ शराब जब्त



24न्यूज अपडेट

उदयपुर, 13 जनवरी। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी निरोधक दलों द्वारा गष्त, नाकाबंदी एवं दबिष की कार्रवाई करते हुए हजारों लीटर वॉष, भट्टियां नष्ट करते हुए अवैध मदिरा को जब्त किया गया। आबकारी आयुक्त श्री नकाते के निर्देषानुसार चित्तौड़गढ़ जिले में आबकारी थाना क्षेत्र चित्तौड़गढ़, डूंगला एवं निम्बाहेड़ा द्वारा ग्राम दांतोली, हिंगवानिया, मेवदा, कंजर बस्ती एवं गुरजनिया में दबिष की कार्रवाई करते हुए 1500 लीटर वॉष सहित 2 चालू भट्टियां नष्ट की गई। इसी क्रम में बेगूं क्षेत्र में एक नाकाबंदी के दौरान एक ट्रेक्टर से 768 देषी षराब के पव्वे एवं 24 बीयर का अवैध परिवहन करने पर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार अभियोग दर्ज किया गया। अलवर में नाकाबंदी के दौरान 107 लीटर हथकड़ शराब परिवहन करने पर अभियुक्त अमरीक सिंह को गिरफ्तार करते हुए 2 बाईक को सीज किया गया। धौलपुर के बाड़ी क्षेत्र के ग्राम सरेखी का पुरा, राहेली, अजीतपुर अवैध मदिरा के विरूद्ध कार्रवाई कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। प्रतापगढ़ जिले के छोटी सादड़ी क्षेत्र के संवेदनषील ग्राम भोजपुर, पिलीखेड़ा, कालाकोट, उंडावेला एवं सीतामाता अभ्यारण्य के नालों में दबिष की कार्रवाई करते हुए आबकारी निरोधक दल द्वारा 2300 लीटर उत्तेजित वॉष एवं 6 भट्टियां नष्ट की गई। झालावाड़ जिले के ग्राम बपावर एवं अकलेरा के भालता में दबिष की कार्रवाई में 589 देषी शराब के पव्वे, 826 आरएमल शराब, 74 पव्वे अंग्रेजी शराब, 95 बीयर बोतल सीज करते हुए अभियोग दर्ज किए गए। इसी प्रकार प्रदेष में अन्य जिलों में भी आबकारी निरोधक दलों द्वारा नाकाबंदी, गष्त एवं दबिष की कार्रवाई कर अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर कार्रवाई की जा रही है।

सांस्कृतिक महोत्सव सुर झंकार सम्पन्न



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन एवं राजस्थान मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आरएनटी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक महोत्सव सुर झंकार आरएनटी सभागार में आयोजित किया गया। आरएनए उदयपुर के सम्भागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय उदयपुर के म्यूजिक के प्रोफेसर डॉ हितेश गंधर्व एवं मनोज गंधर्व एवं डॉ शिवांगी ने की। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ विपिन माथुर , आरएमसीटीए के सचिव डॉ तरुण रहलोत थे। विशिष्ट अतिथि मुख्य नर्सिंग अधीक्षक ओमप्रकाश पालीवाल ,शारदा गरासिया , सीपी वेद, संरक्षक रमेश मीणा, पुलिस इंस्पेक्टर हिमांशु सिंह थे। सुर झंकार सांस्कृतिक कार्यक्रम में 30 प्रतिभागियों ने एक से बढ़ कर एक शानदार प्रस्तुतियां दी ।

नई बैंकिंग तकनीक पर विशेष कार्यशाला आयोजन



24 न्यूज अपडेट

खेरवाड़ा,राजकीय कन्या महाविद्यालय खेरवाड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नई किरण नशा मुक्त सप्ताह के अंतर्गत नई बैंकिंग तकनीक पर विशेष कार्यशाला आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. प्रवीण पंड्या ने तथा सह-अध्यक्षता डॉ. सुमन राठौड़ ने की। प्रथम सत्र में छात्राओं को योग एवं प्राणायाम करवाया गया और परिसर के वृक्षों-पौधों को स्वयं सेविकाओं द्वारा पानी दिया गया। कार्यशाला में द्वितीय सत्र में पंजाब नेशनल बैंक के बैंक प्रबंधक प्रदीप एवं अंकित ने नवीन बैंकिंग तकनीक पर व्याख्यान प्रस्तुत किया जिसमें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सड़क दुर्घटना बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, होम लोन तथा मोबाइल और कंप्यूटर के माध्यम से होने वाले भुगतानों की जानकारी दी गई। साथ ही मजबूत पासवर्ड, एंटीवायरस का प्रयोग, अज्ञात लिंक एवं अटैचमेंट से दूरी बनाए रखने तथा संवेदनशील जानकारी साझा न करने के महत्व पर विशेष बल दिया गया।

तृतीय सत्र में नशा मुक्ति प्रभारी डॉ. दुर्गा सिंह गौड़ ने नई किरण नशा मुक्ति अभियान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत नृत्य, गायन एवं नाट्य कार्यक्रमों का आयोजन कराया, जिनमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. वंदना, दीपांक अहारी, डॉ. दिव्या सोलंकी, मनोज कुमार एवं डॉ. सीमा डांगी ने भी योगदान प्रदान किया।

उदयपुर ट्रैकिंग ग्रुप की महिलाओं का पहला ट्रैक माउंट आबू में सफलतापूर्वक संपन्न



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 13 जनवरी। उदयपुर ट्रैकिंग ग्रुप की ओर से इस वर्ष का पहला ट्रैक भेरू तारक से माउंट आबू के हनीमून पॉइंट और गणेश मंदिर तक आयोजित किया गया। उदयपुर ट्रैकिंग ग्रुप की अनिता माहेश्वरी ने बताया कि यह ट्रैक लगभग पाँच किलोमीटर का था, जिसे पूरा करने में लगभग चार से पाँच घंटे का समय लगा। इस ट्रैक का मुख्य उद्देश्य लोगों को अरावली की पहाडिय़ों के प्रति जुड़ाव बढ़ाना, वहाँ की प्राकृतिक सुंदरता को देखना व निहारना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा साफ-सफाई का संदेश देना रहा। ग्रुप की अध्यक्षा अनीता माहेश्वरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उदयपुर से 30 महिलाओं का एक समूह इस ट्रैकिंग कार्यक्रम के लिए रवाना हुआ। सर्वप्रथम सभी सदस्य पावापुरी पहुँचीं, जहाँ सायं कालीन दर्शन किए गए। इसके पश्चात गौशाला में गायों गो-सेवा की। साथ ही नवग्रह उद्यान का भ्रमण किया गया तथा पावापुरी में भगवान पार्श्वनाथ के दर्शन कर आरती की गई। संध्या समय सभी सदस्य भैरूतारक पहुँचीं, जहाँ रात्रि विश्राम किया गया। ग्रुप के सचिव निलेश कोठारी उपाध्यक्ष सुनीता भंडारी और मालेश्री शर्मा ने बताया कि अगली सुबह सभी महिलाएँ अपने-अपने ट्रैकिंग स्टिक के साथ भैरूतारक से ट्रैकिंग के लिए रवाना हुईं। लगभग पाँच घंटे की ट्रैकिंग के बाद सभी महिलाएँ दोपहर 12 बजे तक गणेश मंदिर (हनीमून पॉइंट), माउंट आबू पहुँचीं। इस ट्रैकिंग में अनिता माहेश्वरी, निलेश कोठारी ,सुनीता भंडारी, मालेश्री शर्मा मंजू पुर्बिया, विनिता देवपुरा, माया शर्मा, ऋतु सुखवाल, कविता बालदावा, काला गट्टानी, स्नेहा शर्मा, रहाना बानो, स्मारिका महुर, कामना, सोनू टाक, रंजना मिंडा, प्रमिला टाक, दिशा, कंचन, सीमा, निशा, अंजना सुहालका, लक्ष्मी सहित अन्य महिलाएँ भी उपस्थित रहीं। सभी प्रतिभागियों ने उत्साह, अनुशासन और प्रकृति प्रेम की भावना के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

बाबूलाल कटारा के कंधे पर बंदूक रखकर नौकरियां बेचने वाले नेता आज सुरक्षित हैं : राजकुमार रोत, भाजपा वाशिंग मशीन से धुलकर आए मालवीया



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान में चर्चित सेकेंड ग्रेड शिक्षक भर्ती पेपर लीक प्रकरण अब केवल एक परीक्षा घोटाला नहीं रहा, बल्कि इसके पीछे सक्रिय राजनीतिक संरक्षण और सत्ता-संरक्षित नेटवर्क की परतें खुलने लगी हैं। बांसवाड़ा-डूंगरपुर के सांसद राजकुमार रोत ने उदयपुर में तीखे शब्दों में कहा कि बाबूलाल कटारा को अकेला आरोपी बनाना सच्चाई से भागने का सबसे आसान रास्ता है। रोत ने सवाल उठाया कि जिस व्यक्ति को राजस्थान लोक सेवा आयोग जैसे संवैधानिक संस्थान में जगह मिली, क्या वह बिना राजनीतिक सिफारिश के संभव था? उन्होंने कहा कि कटारा के कंधे पर बंदूक रखकर नौकरियां बेचने वाले नेता आज भी सुरक्षित हैं, जबकि पूरा दोष एक व्यक्ति पर डाल दिया गया।

कांकरी डूंगरी से RPSC तक की कड़ी

सांसद रोत ने आरोप लगाया कि वर्ष 2020 के कांकरी डूंगरी आंदोलन को शांत कराने की राजनीतिक कीमत के रूप में बाबूलाल कटारा को RPSC सदस्य बनाया गया। उन्होंने कहा कि यह कोई सामाजिक या प्रशासनिक निर्णय नहीं था, बल्कि विशुद्ध राजनीतिक सौदेबाजी थी। कटारा की नियुक्ति के कुछ ही दिनों बाद उनकी भूमिका पर सवाल उठने लगे, लेकिन तब सब चुप रहे।

नाम सामने, जवाब गायब

रोत ने रघुवीर सिंह मीणा, दिनेश खोड़निया और पूर्व मंत्री अर्जुन बामनिया जैसे नेताओं के नाम लेते हुए कहा कि ये वही चेहरे हैं जो उस दौर में निर्णायक भूमिका में थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि नाम गिनाना उद्देश्य नहीं, बल्कि यह बताना है कि कार्रवाई केवल एक व्यक्ति तक सीमित क्यों है।

'वॉशिंग मशीन राजनीति' पर कटाक्ष

पूर्व मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया का उल्लेख करते हुए रोत ने कहा कि जब आरोप कांग्रेस में थे, तब गंभीर थे, भाजपा में गए तो धुल गए और अब फिर कांग्रेस में लौट आए। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि यह राजनीति की वही वॉशिंग मशीन है, जिसमें दाग पार्टी बदलते ही साफ हो जाते हैं।

जीरो टॉलरेंस या राजनीतिक मौन?

रोत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से सीधे सवाल पूछते हुए कहा कि यदि सरकार वास्तव में जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है, तो फिर ED के बयानों में आए राजनीतिक नामों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? उन्होंने कहा कि यदि शीर्ष स्तर पर चुप्पी रही, तो यह नीति केवल नारा बनकर रह जाएगी।

कटारा की सुरक्षा और साजिश की जांच की मांग

सांसद ने बताया कि बाबूलाल कटारा ने जांच एजेंसियों को जान का खतरा होने की बात कही है, जो पूरे प्रकरण को और गंभीर बनाती है। उन्होंने मांग की कि केवल आरोपी नहीं, बल्कि पूरे राजनीतिक नेटवर्क की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को बेनकाब किया जाए।

भाजपा ने टिकट दिया, जनता ने जवाब दे दिया - मालवीया पर खर्रा का तीखा प्रहार



24 न्यूज अपडेट

पाली। पूर्व मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया के भाजपा छोड़ने को लेकर प्रदेश सरकार में मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कड़ा रुख अपनाया है। पाली प्रवास के दौरान उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मालवीयाजी जिस मानसिकता के साथ भाजपा में आए थे, उसी मानसिकता के साथ उन्होंने पार्टी से विदा ली है। मंत्री खर्रा ने कहा कि कांग्रेस छोड़ते समय महेन्द्रजीत सिंह मालवीयाजी ने यह तर्क दिया था कि उनकी क्षमताओं और योगदान को वहां सम्मान नहीं मिल रहा है। इसके बाद भाजपा ने उन पर भरोसा जताते हुए लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया। लेकिन चुनाव परिणामों में जनता ने उनके राजनीतिक कद का मूल्यांकन कर दिया। चुनाव में पराजय के बाद अब पार्टी छोड़ने का निर्णय उनका निजी फैसला है, इसमें भाजपा की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि यदि मालवीयाजी को अब यह महसूस हो रहा है कि कांग्रेस में उन्हें फिर से राजनीतिक आधार मिल सकता है, तो यह पूरी तरह उनकी अपनी सोच और आकलन है। यह टिप्पणी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने सोमवार दोपहर पाली जिला परिषद सभागार में आयोजित बजट 2026-27 संवाद एवं सुझाव कार्यक्रम के बाद प्रेस से बातचीत के दौरान की। कार्यक्रम में शहरवासी, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रेसवार्ता में मंत्री खर्रा ने यह भी कहा कि उन्हें यह जानकारी नहीं है कि मालवीयाजी का ऐसा कौन-सा सार्वजनिक कार्य था जो भाजपा सरकार के कार्यकाल में पूरा नहीं हुआ। यदि किसी प्रकार का निजी या व्यक्तिगत हित से जुड़ा मामला रहा हो तो वह अलग विषय है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि राज्य में भाजपा सरकार के नेतृत्व में आमजन से जुड़े विकास कार्य निरंतर प्रगति पर हैं और इसका सीधा लाभ जनता तक पहुंच रहा है।

राजस्थान पुलिस को एनएसजी देगा आतंकवाद विरोधी विशेष प्रशिक्षण



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 13 जनवरी। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में "संपूर्ण सुरक्षा संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम" की शुरुआत राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में हुई। कार्यक्रम में महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा और एनएसजी महानिदेशक भृगु श्रीनिवासन उपस्थित रहे। राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि आतंकवाद एक गंभीर वैश्विक चुनौती है, जिससे निपटने के लिए पुलिस बल का उच्चस्तरीय प्रशिक्षण और सतत सतर्कता आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण से राजस्थान पुलिस के जवानों की आतंकवाद निरोधक क्षमताओं और संयुक्त अभियानों में समन्वय मजबूत होगा। एनएसजी महानिदेशक भृगु श्रीनिवासन ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के मार्गदर्शन में एनएसजी द्वारा देशभर में विशेष प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में राजस्थान पुलिस के लिए एक माह का विशेष प्रशिक्षण जयपुर और जोधपुर में आयोजित किया जा रहा है। एनएसजी के मेजर जनरल संदीप सिंह ने बताया कि यह संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 फरवरी 2026 तक दो चरणों में आयोजित होगा। जयपुर में मॉक ड्रिल, वीवीआईपी सुरक्षा, बम निरोधक और तकनीकी ड्राइविंग, जबकि जोधपुर में काउंटर टेररिज्म, स्नाइपर और काउंटर ड्रोन प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के पहले दिन एनएसजी ने आतंकवाद विरोधी अभियानों का लाइव डेमो प्रस्तुत किया, जिसमें बंधक मुक्ति, हेलिकॉप्टर से ऑपरेशन और के-9 डॉग स्क्वॉड का प्रदर्शन शामिल रहा। कार्यक्रम में आनंद कुमार श्रीवास्तव सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय में न्यायिक प्रकरणों की समीक्षा बैठक

24 न्यूज अपडेट



जयपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रधान कार्यालय जयपुर में 13 जनवरी 2026 को लंबित न्यायिक प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर महाप्रबंधक अशोक माहेश्वरी ने की। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार अशोक माहेश्वरी ने लंबित न्यायिक प्रकरणों की संख्या अधिक होने पर चिंता जताते हुए इनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अवमानना और अनुपालना प्रकरणों में आई कमी पर संतोष व्यक्त किया तथा सभी लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही न्यायिक प्रकरणों का डाटाबेस नियमित रूप से अपडेट रखने के निर्देश भी दिए। बैठक में उप महाप्रबंधक (विधि) प्रतुल सारोलिया ने मंडलों और यूनिटों के लंबित अनुपालना व अवमानना प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक के अंत में निर्माण विभाग के बी.आर. जाट और जोधपुर मंडल के भगवती प्रसाद यादव को नवंबर-दिसंबर 2025 के लिए सर्वश्रेष्ठ मुख्य विधि सहायक चुने जाने पर प्रशस्ति पत्र और 2000 रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

जैन युवा परिषद उदयपुर द्वारा आयोजित 3 दिवसीय ट्रेड फेयर एवं खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 13 जनवरी। जैन युवा परिषद की ओर से गमेर बाग में संपूर्ण दिगम्बर जैन समाज के लिए तीन दिवसीय प्रथम बार ग्लोबल ट्रेड फेयर-2026 का आयोजन बड़ी भव्यता के साथ संपन्न हुआ। जैन युवा परिषद के रविश मुंडलिया ने बताया कि इस ट्रेड फेयर का उद्देश्य समाज के महिला उद्यमी, नवीन उद्योग , कुटीर उद्योग , सेवा प्रदाता को अपने अपने व्यापार की प्रचार प्रसार एवं जागरूकता बढ़ाना हैं। इस ट्रेड फेयर के मुख्य प्रायोजक श्री दिगम्बर जैन ग्लोबल महासभा, लक्ष्मी देवी जमनालाल हपावत एवं सुशीला देवी शांतिलाल वेलावत परिवार जन हैं । इस ट्रेड फेयर में लगभग 60 स्टॉल धारकों द्वारा अपने व्यापार से संबंधित उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें समाज के लगभग 3500-4000 लोगों द्वारा खरीदारी की गयी एवं फ़ूड स्टाल पर कई तरह के व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इस आयोजन में विशेष रूप से सेठ शांतिलाल विमल गदावत, सेठ मांगीलाल लखावला, परिषद संरक्षक राजेशजी गदावत, विक्रम देवड़ा, रविश मुंडलिया, अध्यक्ष जितेन्द्र जोलावत, सचिव भूपेन्द्र मुंडफोड़ा एवं परिषद् की सम्पूर्ण कार्यकारिणी सदस्यों का कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग रहा। 9 जनवरी 2026 को शाम को भक्ति संध्या एवं 10 जनवरी 2026 को शाम को सांस्कृतिक संध्या एवं जैन युवा परिषद की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। साथ ही दिनांक 11 जनवरी रविवार को गमेर बाग में स्व. श्रीमान सेठ सा. देवीलाल लखावला की पावन स्मृति में दशा नागदा समाज जन के लिए खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें मुख्य प्रायोजक सेठ सा मांगीलाल लखावला , सविना का सहयोग रहा । इस आयोजन में लगभग 500 खिलाडिय़ो द्वारा समस्त खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया । विशेष रूप से आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 10 टीमों ने भाग लिया जिसमें गाँव उथरदा की टीम विजेता रही एवं गाँव चावण्ड की टीम उप विजेता रही । समारोह के अंत में पारितोषिक वितरण एवं सम्मान समारोह रखा गया जिसमें जैन युवा परिषद द्वारा सभी अतिथि गण , स्टॉलधारकों , खिलाडिय़ों एवं समाज के विशिष्ट जन का सम्मान किया गया । सम्पूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन श्री लोकेश जोलावत एवं भूपेन्द्र मुंडफोड़ा द्वारा किया गया। इस तीन दिवसीय आयोजन की सफलता समाज जन की एकता एवं एक - दूसरे के प्रति समर्पण की भावना के बिना असंभव है । सम्पूर्ण कार्यकारिणी इस आयोजन को सफल बनाने के लिए लगभग 2 महीने से अधिक मेहनत कर रही हैं। सम्पूर्ण जानकारी जैन युवा परिषद के सूचना प्रसार सचिव कमल देवड़ा ने दी हैं ।

DRI ने 81 करोड़ की एमडी ड्रग्स पकड़ी, 6 गिरफ्तार:ट्रक में मुर्गी के फीड के कट्टों के बीच 270 किलो जब्त, दो महीने से पीछे लगी थी टीम



24 न्यूज अपडेट

राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI) ने स्थानीय पुलिस की मदद से डीडवाना-कुचामन स्टेट हाईवे पर नाकाबंदी कर 81 करोड़ की एमडी ड्रग्स पकड़ी। एक ट्रक में मुर्गी के फीड के कट्टों के बीच 270 किलोग्राम एमडी ड्रग्स भरकर तस्करी के लिए ले जाई जा रही थी। सिक्योरिटी एजेंसियों के साथ मिलकर कार्रवाई के दौरान पकड़े गए संदिग्धों से डीआरआई पूछताछ कर रही है।

डीआरआई ने सोमवार देर रात यह कार्रवाई डीडवाना-कुचामन इलाके के एक टोल नाके के पास की। दिल्ली की DRI टीम करीब 2 महीने से कार्रवाई के लिए लगी हुई थी। टीम ने गाड़ी में सवार तस्करों सहित 6 आरोपियों को डिटेन किया है।

पहले फैक्ट्री पर दबिश, फिर रेड

जानकारी के अनुसार दिल्ली की DRI टीम करीब 2 महीने से कार्रवाई के लिए लगी हुई थी। टीम ने सबसे पहले एक फैक्ट्री पर दबिश दी। यहां से DRI ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया।

उनसे पूछताछ में सामने आया कि फैक्ट्री से माल किसी दूसरे स्टेट में सप्लाई होने के लिए बड़ी मात्रा में निकला है। ऐसे में टीम ने पीछा करना शुरू किया। इसके बाद 11 जनवरी से 12 जनवरी के बीच रात को टीम ने डीडवाना कुचामन इलाके के एक टोल टैक्स के पास महाराष्ट्र नंबर के ट्रक को रुकवाया। टीम को ट्रक में मुर्गी के फीड के कट्टों के बीच 270.30 किलोग्राम MDMA ड्रग्स नौ कट्टों में भरा हुआ मिला। इसे जब्त करते हुए DRI ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मादक पदार्थ की कुल कीमत 81 करोड़ से ज्यादा की है। साथ ही एफएसएल की टीम को सैंपलिंग के लिए बुलाया गया है।

मध्य प्रदेश में सप्लाई होने जा रहा था मादक पदार्थ

जानकारी के अनुसार मादक पदार्थ मध्य प्रदेश में सप्लाई होने के लिए जा रहा था। वहीं आरोपी दूसरे राज्यों के रहने वाले हैं। जो पहले भी इस तरह की तस्करी में शामिल रह चुके हैं। आरोपी जब तस्करी के लिए निकलते हैं तो एक गाड़ी एस्कॉर्ट में रहती है। कार्रवाई में पुलिस ने दो आरोपी एस्कॉर्ट करने वाले, एक ट्रक चालक और खलासी और दो फैक्ट्री संचालकों को पकड़ा है। जिन्हें मंगलवार को सीकर के डीजे कोर्ट में पेश किया गया।

डाइट फैकल्टी चौबीसा ने नयागांव क्षेत्र में विद्यालयों किया अवलोकन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 13 जनवरी। शाला संबलन कार्यक्रम के तहत माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर द्वारा प्रदत्त निर्देशों की पालना में डाइट फैकल्टी त्रिभुवन चौबीसा ने जिले के दूरस्थ नयागांव ब्लॉक अधीनस्थ संचालित विभिन्न राजकीय विद्यालयों में मंगलवार को अवलोकन कर स्टॉफ एवं विद्यार्थियों का संबलन किया।

चौबीसा ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सुखबावडी एवं अन्य विद्यालयों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा कक्षीय गतिविधियों, गृहकार्य जांच, पुस्तकालय, शैक्षिक स्तर, शौचालय स्वच्छता,विद्यालय की भौतिक स्थिति आदि का अवलोकन कर स्टॉफ को संबलन दिया। इस अवसर पर चौबीसा ने विद्यालय में प्रखर राजस्थान 2.0 की प्रगति के तहत आगामी 19 से 23 जनवरी तक प्रस्तावित मौखिक प्रवाह पठन आंकलन की तैयारियों की समीक्षा की साथ ही नो बैग डे,उत्सव पर्व, स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम,मिड डे मिल आदि गतिविधियों का सूक्ष्मता से अवलोकन कर विद्यालय में संधारित विभिन्न अभिलेखों की जांच की। चौबीसा ने आठवीं पांचवीं बोर्ड परीक्षाओं के आवेदनों की स्थिति के साथ ही विद्यार्थियों के साथ संवाद कर उनकी तैयारियों की जानकारी भी ली। उन्होंने परीक्षा परिणाम के गुणात्मक रूप से उन्नयन के लिए लगातार प्रयास करने के भी निर्देश दिए।

अब एईएन के 1036 पदों पर होगी भर्ती:RPSC ने जारी किया संसोधन, बढ़ाए 22 पद; प्री एग्जाम पहले ही हो चुका



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) की ओर से सार्वजनिक निर्माण विभाग में सहायक अभियंता के अब कुल 1036 पदों पर भर्ती होगी। आयोग की ओर से संशोधन जारी किया गया है। पूर्व की भर्ती में अब 22 पद बढ़ाए गए है।

आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया- कार्मिक (क-4/2) विभाग के पत्र अनुसार में सहायक अभियंता के पदों की संख्या में वृद्धि की गई है। इसमें सहायक अभियंता (सिविल) के पूर्व विज्ञापित 125 पदों में 15 पदों की वृद्धि के साथ अब कुल 140 पद और सहायक अभियंता (विद्युत): पूर्व विज्ञापित 20 पदों में 7 पदों की वृद्धि के साथ अब कुल 27 पदों पर भर्ती होगी।

इसका वर्गवार वर्गीकरण आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर शुद्धि पत्र संख्या 16/2025-26 के रूप में उपलब्ध करा दिया गया है। संबंधित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर इसका अवलोकन कर सकते हैं। बता दें कि 28 से 30 सितंबर 25 तक सहायक अभियंता संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 के अभ्यर्थियों का एग्जाम हो चुका है। मैंस एग्जाम होना बाकी है।



बिना किसी रोडमैप के कलेक्ट्री तक पहुंचा एलिवेटेड का काम, अब धरना प्रदर्शनों को देना होगा विराम



24 न्यूज अपडेट

जब जनता सोई हुई हो, नेता अफसरों की बातों में खोए हुए हो और ठेकेदारों के मजे उड़ रहे हों तो सब कुछ वैसा ही होता है जैसा कि उदयपुर में हो रहा है। एलिवेट रोड के पॉलिटिकली सुपरहिट आइडिये पर यहां पिछले कुछ महीनों से काम हो रहा है। जब देश की बड़ी एजेंसियों ने इस काम को करने की जिम्मेदारी से हाथ खड़े कर दिए तब नेताओं के दबाव में आकर नगर निगम को यह काम दिया गया है। काम शुरू किस तरह से हुआ, इसकी कहानी तो आप जानते ही होंगे और ये भी पता होगा कि किस तरह से टेण्डर डॉक्यूमेंट में कॉपी पेस्ट का कमाल करते हुए चहेतों को लाभ पहुंचाया गया। मगर आज बात हो रही है एलिवेटेड रोड के बिना किसी पूर्व सूचना के हो रहे काम की। जब जहां पर मन को भाता है, ये काम शुरू कर देते हैं, एकदम बेलगाम घोड़ों की तरह से जिनको नेताओं और अफसरों के आदेश पर सरपट दौड़ लगानी है। तो अबकी बार एलिवेटेड रोड का काम कलेक्ट्री तक पहुंच गया है। अचानक, धड़ाधड़ रास्ते के बीच बेरिकेड खिंच गए, खंभों के लिए गड्ढे खुद गए और जनता बिचारी हमेशा की तरह से घनचक्कर होते हुए बचते बचाते चली जा रही है। पता नहीं नेताओं और अफसरों को ठेकेदार ने कौनसी जड़ी बूंटी सुंघाई कि एलिवेटेड रोड के काम से पहले जिला प्रशासन कोई सूचना ही जारी नहीं करता। वो समझता है जनता तो मच्छर की तरह है, यहां से भगाओ तो दूर कहीं और दूसरी जगह से बचते बचाते निकल ही जाएंगे। जबकि टेण्डर की शर्तों में साफ लिखा है कि नगर निगम ठेकेदार को रोड क्लियर करके देगा, उसके बाद काम शुरू होगा। यहां तो रोड पर ही काम चलते चले जा रहा है। देखिये, किस तरह से जिला कलेक्ट्रेट के बाहर से लोग बड़ी मुश्किल से गुजर रहे हैं। फुटपाथ पर भी बाइक दौड़ाए जा रहे हैं। जबकि यही काम रास्ते को डाइवर्ट करके भी किया जा सकता हैं। यही नहीं, बीचों—बीच कुछ भाई लोगों ने कार पार्किंग का भी मजा लेना शुरू कर दिया है। आपकी भी एप्रोच है तो आप भी यह आनंद उठा सकते हैं, चालान की कोई टेंशन यहां पर नहीं दिखाई दे रही है। इसके साथ ही अब धरना प्रदर्शन करने वालों के लिए भी कलेक्ट्री के सामने का खुला जंग का मैदान अब पहले जैसा नहीं रहा है। अब कम भीड़ में भी ठीक ठाक प्रदर्शन का आनंद लिया जा सकता है। एलिवेटेड रोड के काम के चलते रास्ते का गलियारा इतना संकड़ा हो गया है कि सीधे कलेक्टरी के गेट पर चढ़कर फोटो खिंचवाए जा सकते है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि कलेक्ट्री के बाहर बिना किसी सार्वजनिक जन सूचना के शुरू हुआ यह काम अब रोज रोज जाम और मुसीबत का कारण बन रहा है। देहलीगेट से कलेक्ट्रेट की ओर मुख्य मार्ग पर निर्माण से चारों ओर से वाहन धीरे—धीरे गुजरते हैं। इस रास्ते पर ऑटो और सिटी बसें भी रूकती हैं, जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है। खासकर सुबह और शाम के समय यह रास्ता बुरी तरह जाम रहात है। मगर आजकल उदयपुर में कौन किसकी सुनता है। प्रशासन से अपील करना अंधों के आगे रोना, अपने दीदा खोना कहावत के सच होने जैसा है। ऐसे में हम अपील करते हैं कि आप खुद सुरक्षित रहें व इस मार्ग को अवोइड करके रास्ता तय करें।

चुनाव आयोग में रीढ़ है तो शिक्षक तबादला सूची पर संज्ञान ले - डोटासरा



24 न्यूज अपडेट

राज्य सरकार की ओर से 6000 से ज्यादा व्याख्याताओं के तबादलों को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है और चुनाव आयोग से इस मामले में दखल की मांग की है. पीसीसी अध्यक्ष ने कहा कि यदि चुनाव आयोग में रीढ़ की हड्डी है तो तबादला सूची पर संज्ञान लेना चाहिए.

डोटासरा ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जिन शिक्षकों के तबादले किए गए हैं, उनमें 35 प्रतिशत व्याख्याता विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) में ड्यूटी कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि SIR में लगे शिक्षकों के तबादले नहीं हो सकते हैं और अगर जरूरी हो तो उसके लिए चुनाव आयोग से पूर्व अनुमति लेनी पड़ेगी. पहली बात तो यह है कि तबादला सूची का अनुमोदन चुनाव आयोग से लेना चाहिए था और अगर नहीं लिया तो यह सूची पूरी तरह से गैर-कानूनी है. डोटासरा ने कहा कि इस मामले को विधानसभा में भी उठाएंगे और हाईकोर्ट में भी एक जनहित याचिका लगाएंगे.

डोटासरा ने कहा कि जब शिक्षक संघ ने विरोध दर्ज कराया, तब आनन-फानन में सरकार ने एक आदेश निकाला कि SIR में लगे हुए शिक्षकों को यथावत रखा जाए. दूसरी बात यह है कि सरकार ने जिन शिक्षकों का तबादला SIR वाले शिक्षकों के स्थान पर किया है, वे रिलीव हो गए. ऐसे में वहां पर 2 से 3 शिक्षक हो जाएंगे. दो से ढाई हजार शिक्षक ऐसे हैं जो डबल हो जाएंगे. एक ही स्थान पर एक आदेश सरकार ने चुनाव आयोग के कारण वापस ले लिया, जबकि दूसरा आदेश सरकारी आदेश है.

तबादलों में धांधली का आरोपः पीसीसी अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि तबादलों में भयंकर धांधली की गई है. दो से तीन महीने तक तबादला उद्योग चला है और जमकर पैसे लिए गए हैं. उन्होंने कहा कि 'मैं खुले तौर पर आरोप लगा रहा हूं कि मंत्रियों के यहां जमकर भ्रष्टाचार हुआ है, सीएमओ में भी खुला भ्रष्टाचार हुआ है.' डोटासरा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से दखल की मांग करते हुए कहा कि यदि मुख्यमंत्री में थोड़ी बहुत संवेदना बची है तो इस सार्वजनिक शिक्षा को बचाना चाहिए और इस पूरी सूची को निरस्त करना चाहिए. जब जून-जुलाई में तबादले खोलेंगे, तब जी भर के तबादले कर लेना. हमने भी तबादले किए हैं लेकिन उनमें एक भी तबादला ऐसा नहीं था जो प्रशासनिक तौर पर किया गया हो.

जे एस जी अनंता ने मनाया खेलो अनंता दिवस



24 न्यूज अपडेट

मकर संक्रांति को लेकर जैन सोशल ग्रुप अनंता जे एस जी अनंता ने सपेटिया स्थित गोकुल गार्डन में खेलो अनंता का आयोजन किया जिसमे मुख्य रूप से शतरंज,केरम,लूडो तथा बॉक्स क्रिकेट खेले गए। खेलो अनंता का शुभारम्भ सभी अनंता खिलाड़ियों की शानदार परेड से हुआ। जिसकी सलामी मेवाड़ रीजन के चेयरमैन अरुण मांडोत,सचिव आशुतोष सिसोदिया,जे एस जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर सी मेहता तथा भूतपूर्व चेयरमैन एवं परामर्शदाता मोहन बोहरा द्वारा ली गई ।

अध्यक्ष विनोद चपलोत ने बताया कि खेलों का शुभारम्भ चेयरमैन अरुण मांडोत द्वारा क्रिकेट की एक बॉल खेल कर की गई। खेलों अनंता के यह खेल अति आनंददायक,मनोरंजक एवं बन्धुत्व से प्रेम से सरोबार रहा ।

सचिव अरुण कटारिया ने बताया कि शतरंज खेल में प्रथम विशाल मेहता तथा द्वितीय भावना कच्छारा रही, केरम खेल में विनोद पगारिया एवं प्रदीप बाबेल की जोड़ी प्रथम तथा मुकेश मेहता एवं संगीता मेहता की जोड़ी द्वितीय स्थान पर रही,लूडो खेल में मुकेश मेहता प्रथम तथा चन्द्रप्रभा मोदी द्वितीय स्थान पर रही ।

उपाध्यक्ष महेश नाहर ने बताया बॉक्स क्रिकेट में मेन ऑफ़ दी मैच का खिताब अनिल नागोटा ने जीता तथा टीम विशाल मेहता ने विजय पताका फहराई। टीम विशाल मेहता में महेश नाहर,योगेश सेठ,विनोद पगारिया,विनोद चपलोत,अनिल मानवता,अनिल नागोटा,कल्पना बया,राजकुमारी जैन,आभा बाफना तथा राजेश बाफना थे । संयुक्त सचिव ललित ने बताया कि सभी विजयी खिलाड़ियों को बेज पहना कर सम्मानित किया गया ।

कोषाध्यक्ष सुंदर तलेटिया के अनुसार खेलो अनंता के खेल प्रभारी यशवंत बाफना तथा शतरंज के लोकेश तलेसरा,लूडो के कल्पना बया एवं कल्पना धर्मावत,केरम के योगेश सेठ एवम सन्दीप दोषी तथा अनिल सेठ एवं अनिल नागोटा थे । कार्यक्रम का संचालन सोनिका सिंघवी ने किया । कार्यक्रम में गजेन्द्र जोधावत,तेज सिंह मोदी,अनिल सेठिया,रमेश वगेरिया,अजित जैन,अनिल हिंगड़,सुशील शाह,महेंद्र जैन तथा लगभग सभी दम्पति सदस्य उपस्थित रहे ।

महाराणा प्रताप खेलगांव की वान्या शुक्ला का MPCA अंडर-15 टीम में चयन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। महाराणा प्रताप खेलगांव, उदयपुर की वान्या शुक्ला का मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (MPCA) की अंडर-15 टीम में चयन हुआ है। वान्या के कोच शाहरुख खान ने बताया कि यह उसके लिए एक बड़ा अवसर और करियर की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वान्या इससे पहले अंडर-17 एसजीएफआई में भी खेल चुकी हैं। जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने वान्या की निरंतरता और कड़ी मेहनत को इसकी सफलता का मुख्य कारण बताया। वान्या केवी स्कूल की नियमित छात्रा हैं। केवी न.1 के प्रिंसिपल राजेश्वर सिंह, वाइस प्रिंसिपल एएच खान और शारीरिक शिक्षक आर.सी. गुर्जर ने वान्या को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

NSUI का उग्र प्रदर्शन, वरुण चौधरी की गिरफ्तारी के विरोध में प्रधानमंत्री का पुतला दहन



24 न्यूज अपडेट

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई की ओर से आज उदयपुर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। वाराणसी में एनएसयूआई के राष्ट्रीय चौधरी अध्यक्ष वरुण चौधरी की गिरफ्तारी के विरोध में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ सुखाड़िया विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और छात्रों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वरुण चौधरी की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला है और यह पूरी तरह से राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित कार्रवाई है। इस दौरान प्रदेश महासचिव महिपाल सिंह कुराबड़, जिलाध्यक्ष जितेश खटिक, चिराग चौधरी सहित एनएसयूआई पदाधिकारियों ने मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और गिरफ्तारी को तुरंत वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन में पूर्व जिलाध्यक्ष यशवंत चौधरी, रोहित पालीवाल, विक्रम भादू, हर्षवर्धन नाथ चौहान, सूर्यपाल सिंह, दीपेश गुर्जर, अर्जुन सिंह, यशमीन, अरविंद सिंह, राहुल खटिक, अनिरुद्ध आर्य, कुलदीप मेघवाल, मयंक कुमावत, हिमांशु सोनी, निशांत मेघवाल, जिशान शेख, गौरव जोशी, हिमांशु जैन, मुकेश मेघवाल, प्रवीण ढाका, हर्ष साहू, मयंक चौधरी मोंटी सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई पदाधिकारी और छात्र मौजूद रहे। एनएसयूआई नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस तरह की कार्रवाइयाँ नहीं रुकीं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

एमपीयूएटी का बहुरंगी कैलेंडर जारी, किसानों को सालभर मिलेगा मार्गदर्शन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयूएटी) उदयपुर के प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा प्रकाशित वर्ष-2026 का बहुरंगी कैलेंडर जारी किया गया। कैलेंडर का विमोचन कुलगुरु डॉ. प्रताप सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि यह कैलेंडर किसानों और पशुपालकों के लिए पूरे वर्ष की कृषि गतिविधियों, आयोजनों और कार्य-योजनाओं का उपयोगी मार्गदर्शक है। डॉ. प्रताप सिंह ने कहा कि इस वर्ष का कैलेंडर "अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान समृद्धि" को समर्पित है, जिसमें कृषि में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया गया है। प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. आर.एल. सोनी ने बताया कि कैलेंडर में माहवार खेती के कार्य, फसलों के कीट-रोग, नियंत्रण उपाय, संतुलित रसायन उपयोग, सब्जी-फल-फूल उत्पादन तथा पशुपालन से जुड़ी आवश्यक जानकारियां दी गई हैं। इसे एमपीयूएटी के कृषि विज्ञान केंद्रों बांसवाड़ा, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, राजसमंद, उदयपुर द्वितीय और भीलवाड़ा द्वितीय की स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार तैयार किया गया है। कैलेंडर के संपादक डॉ. योगेश कनोजिया ने बताया कि इसमें कृषि तकनीकों को चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है। साथ ही राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय दिवस, त्योहार, महत्वपूर्ण फोन नंबर और कृषि विज्ञान केंद्रों की गतिविधियां भी शामिल की गई हैं। इस कैलेंडर के निर्माण में डॉ. अरविंद वर्मा, डॉ. एम.के. महला, डॉ. सुनील जोशी, डॉ. एस.एस. लखावत, डॉ. राजीव बैराठी और बी.एस. झाला का योगदान रहा। कार्यक्रम में डॉ. लतिका शर्मा सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। जानकारी डॉ. जी.एल. मीना, मीडिया प्रकोष्ठ एवं जनसंपर्क अधिकारी ने दी।

उदयपुर बनेगा कृषि नवाचारों का संगम, छह राज्यों का क्षेत्रीय कृषि मेला फरवरी में

फल-फूल-सब्जी प्रदर्शनी

पुष्प प्रतियोगिता :-
1. मौसमी पुष्पों के गमले (तीन गमले प्रति प्रविष्टी) - एंटीराइनम, ग्लेडियोलस, एस्टर, डहेलिया, एन्थूरीयम, गजेनिया, पिटूनिया, फलोक्स, गैंदा, जरबेरा, वरबीना, कलेनडुला एवं गुलाब के गमले एवं फूलों के गमले, अन्य गमले।
2. फोलिएज के गमले (तीन गमले प्रति प्रविष्टी)- क्रोटन, पाम, फिलेडेन्ड्रोन, ड्रेसिना, डिफनबेकिया, अरिलिया, कोकटस, फर्न एवं अन्य।
3. फोलिएज गमलों का समूल- 12 गमले प्रति प्रविष्टी।
4. पुष्प सज्जा एवं कला सामग्री- मालाएँ, गुलदस्ते, इकेबाना, गजरा एवं पुष्प सज्जा आदि।
5. कटफ्लावर्स : 1. गुलाब -06, 2. ग्लेडियोलस-05, 3. गैंदा-05 4. एस्टर-10, 5. कलेनडुला-10, 6. जरबेरा-10, 7. कारनेशन-05 एवं अन्य कटफ्लावर्स
6. बोन्साई

नोट : अधिक जानकारी के लिए डॉ. कपिल आमेटा (9414164442) से सम्पर्क करें।

फल प्रतियोगिता :-
1. पपीता-1 2. सन्तरा-6 3. नींबू-6
4. आंवला-12 5. अमरूद-6 6. अन्य फल

सब्जी प्रतियोगिता :-
1. पत्तागोभी-1 2. फूलगोभी-1 3. हरी मिर्च-250 ग्राम
4. मटर-आधा किलो 5. टमाटर-6 6. गाजर-6
7. मूली-3 8. बैंगन-6 9. अन्य सब्जियाँ

परिरक्षित उत्पाद प्रतियोगिता :-
जैम, जैली, अचार (एकल व मिक्सड), कैंडी, सॉस या कैचप, चटनी, मुरब्बा, स्क्वेश, शर्बत, सूखी सब्जियाँ, फल अन्य औषधीय व सुगन्धित पादप एवं क्विज प्रतियोगिताएँ

नोट : प्रविष्टियाँ जमा कराने का समय दि. 06.02.2026 को सायं 04.00 से रात्रि 10.00 बजे तक एवं दि. 07.02.2026 को प्रातः 07.00 से प्रातः 10.00 बजे तक रहेगा। प्रतिष्टियों का मूल्यांकन दोपहर 1 बजे होगा। प्रथम एवं द्वितीय विजेताओं को पारितोषिक प्रदान किए जायेंगे।

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के प्रायोजन से क्षेत्रीय कृषि मेला-2026 (पश्चिमी क्षेत्र) का आयोजन 7 से 9 फरवरी, 2026 तक महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयूएटी), उदयपुर में किया जाएगा। मेला प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक आमजन के लिए खुला रहेगा। तीन दिवसीय इस मेले में राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, दादर एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव के किसान भाग लेंगे। मेले की थीम "कृषि उद्यमिता—कृषक आर्थिक सशक्तिकरण एवं आजीविका सुरक्षा" रखी गई है। राजस्थान कृषि महाविद्यालय के खेल प्रांगण में आयोजित मेले में उन्नत कृषि तकनीक, आधुनिक यंत्र, ड्रोन, डिजिटल फार्मिंग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मोटा अनाज, जलवायु अनुकूल खेती और समन्वित कृषि प्रणाली का प्रदर्शन किया जाएगा। कृषक-वैज्ञानिक संवाद, तकनीकी सत्र, प्रतियोगिताएं और विश्वविद्यालय की दुग्ध, बकरी, मुर्गी, मशरूम, प्राकृतिक खेती, हाईटेक हॉर्टिकल्चर और सौर इकाइयों का अवलोकन भी कराया जाएगा। मेले में किसान, किसान महिलाएं, युवा उद्यमी, वैज्ञानिक, विद्यार्थी, कृषि स्टार्टअप, एफपीओ, स्वयं सहायता समूह और कृषि यंत्र निर्माता शामिल होंगे। साथ ही फल-फूल-सब्जी प्रदर्शनी और घरेलू उत्पादों की प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में राजस्थान का दमदार प्रदर्शन, 42 पदक जीते



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 13 जनवरी। फरीदाबाद (हरियाणा) के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित राष्ट्रीय सब जूनियर, जूनियर, सीनियर एवं मास्टर क्लासिक व इक्विप्ड बेंच प्रेस प्रतियोगिता में राजस्थान टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण, 19 रजत और 14 कांस्य सहित कुल 42 पदक जीते। सब जूनियर बालिका वर्ग में आकांक्षा कुमावत और सीनियर महिला वर्ग में पूनम को बेस्ट लिफ्टर घोषित किया गया। राजस्थान टीम ने सब जूनियर महिला और जूनियर महिला वर्ग में उपविजेता का खिताब भी जीता। राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग संघ के आयोजन सचिव विनोद साहू ने बताया कि पूनम ने 69 किग्रा सीनियर वर्ग में नया राष्ट्रीय कीर्तिमान बनाकर स्वर्ण पदक जीता। 63 किग्रा में माया कंवर, 57 किग्रा में पिस्ता बाई गुर्जर, सब जूनियर बालक 120 किग्रा में सांकेत चतुर्वेदी और सब जूनियर बालिका 57 किग्रा में आकांक्षा कुमावत ने स्वर्ण पदक जीते। आकांक्षा ने क्लासिक और इक्विप्ड दोनों वर्गों में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। मास्टर वर्ग में सत्येन्द्र सिंह राठौर, अनीता राठी और रिया कंवर शेखावत ने भी स्वर्ण पदक जीते। रजत और कांस्य पदक विजेताओं में योगेश कुमार सैन, गौरव जयपाल, निखिल जाजोतर, भूमिका सारस्वत, वर्षिता परिहार, पवन सोनी, क्रिशन व्यास, गीतिका विश्नोई, ग्रेसी प्रजापत, पूजा जावा, जूही छंगाणी, चांदनी प्रजापत, अर्जुन सोलंकी सहित कई खिलाड़ियों ने योगदान दिया। मास्टर वर्ग में राहिल अहमद शेख, ओम सिंह चौहान, हरी गोपाल थानवी, सुनील गुजराती, दीपक कुमार शर्मा और राजेश यादव ने पदक जीते। टीम मैनेजर विनोद साहू तथा प्रशिक्षक आशीष जैमन और सुमित कुमार रहे। टीम की सफलता पर दिनेश श्रीमाली, डॉ. देवेंद्र साहू, राजाराम शर्मा, गिरधारी सिंह चौहान सहित खेल पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

नारायण सेवा संस्थान में हर्षोल्लास के साथ मनाया लोहड़ी पर्व



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 13 जनवरी । नारायण सेवा संस्थान में लोहड़ी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन लियो का गुड़ा स्थित बड़ी परिसर में निदेशक वंदना अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस मौके पर नारायण चिल्ड्रन एकेडमी के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा में सजे बच्चों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर लोक नृत्य प्रस्तुत कर समूचे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चे, उनके परिजन तथा बड़ी संख्या में साधक उपस्थित रहे। लोहड़ी की पवित्र अग्नि में तिल, मूंगफली, रेवड़ी और गुड़ अर्पित कर सभी ने सुख, समृद्धि एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर निदेशक वंदना अग्रवाल ने कहा कि लोहड़ी पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और नई ऊर्जा का प्रतीक है तथा ऐसे आयोजन दिव्यांग बच्चों एवं उनके परिवारों में आत्मविश्वास और खुशी का संचार करते हैं। अंत में सभी उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।